हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

10 पार्षद ने छात्र-छात्राओं को किया चरण पादुका का वितरण



12 जामगांव आर में धूमधाम से मनी संत गुरु घासीदास ...





## खबर संक्षेप

### बालोद में मराठा समाज की बैठक आयोजित

**बालोद।** मराठा समाज के बैठक का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 21 दिसम्बर रविवार को दोपहर 12 बजे से किया गया है। अध्यक्ष मराठा समाज डॉ आरएम मोरे चावड़ा ने बताया मराठा समाज के युवक युवती का परिचय सम्मेलन आगामी माह 18 जनवरी 2026 को राजिम में तय किया है, जिसकी जानकारी बैठक में दी जाएगी।

### 25 दिसंबर को अटल दिवस घोषित करने का सुझाव, शिक्षक संघ ने उठाया महत्वपूर्ण प्रस्ताव

**बालोद।** 25 दिसंबर को अटल दिवस के रूप मे अधिसूचित करने का शालेय शिक्षक संघ ने सुझाव दिया है। संघ ने प्राचार्य की सीमित विभागीय परीक्षा आयोजित करने की मांग रखी। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विधानसभा अध्यक्ष और वित्तमंत्री से संगठन ने मुलाकात की। शालेय शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल की विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह और छग शासन के वित्तमंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। जिसमे शिक्षक हित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई तथा 25 दिसंबर को अटल दिवस के रूप अधिसूचित करने का सुझाव दिया गया।



जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि संगठन द्वारा 25 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री, भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को अटल दिवस के रूप में अधिसूचित करने का सुझाव छग शासन को दिया गया, छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की सौगात उनके ही प्रधानमंत्रित्व काल मे हम छत्तीसगढ़ वासियों को मिला, अतः उनकी जन्म जयंती पर अटल दिवस घोषित होना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। व्याख्याता, मिडिल, प्राइमरी एचएम तथा यूडीटी की लंबित पदोन्नति, 10 प्रतिशत प्राचार्य पद पर सीमित विभागीय परीक्षा आयोजित करने की मांग की गई।

### मंदिर का ताला टूटा अपराध दर्ज

**भिलाई।** ट्विनसिटी में मंदिर चोरी की वारदात रुकने का नाम नहीं ले रही है। 16 दिसंबर की रात सेक्टर-5 के बालाजी मंदिर और गणेश मंदिर में चोरों ने धावा बोलकर घुसने का प्रयास किया। ताला टूटने की आवाज पर चौकीदार जाग गया। दोनों ही मंदिर समितियों की शिकायत पर पुलिस ने चोरो की तलाश में जुट गई है। चौकीदार ने मंदिर में रखी दान पेटियों और पूजा सामग्री सुरक्षित बचा लिया। बताया जा रहा है कि कंच कामाक्षी मंदिर सेक्टर 5 में कुछ समय पहले चोरी की वारदात हुई थी। सेक्टर-5 के मंदिर चोरों के निशाने पर हैं। सूचना पर मंदिर समितियों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## एक्सपायरी मवेशी लाइसेंस और बिना मेडिकल सर्टिफिकेट के आधार पर मामला दर्ज


# गौ तस्करी का बड़ा खुलासा, पैदल ले जा रहे तस्करों को पुलिस और गोधाम समिति ने रोका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

नगर में एक बार फिर गौ तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। जहां चंद पैसे के लालच में गौ तस्कर वाहन से परिवहन में पकड़ें जाने के डर से पैदल गो माता को मरते पीटते क्रूरता पूर्वक बेखौफ ले जा रहे थें। एक तरफ छत्तीसगढ़ शासन पशुधन विकास विभाग कोसली गौ वंश को लुप्त होने से बचाने में लगा हुआ है। वहीं गोधाम योजना के माध्यम से गौ सेवा आयोग गौ माता के संरक्षण में लगी है, वही गौ तस्करी भी लगातार होने के मामले सामने आ रहे है। इसी तरह का मामला आज जिला मुख्यालय के पाररास में जिला गोधाम समिति गौ सेवा आयोग के सदस्य पुरुषोत्तम सिंह राजपूत और गौसेवक नरेंद्र जोशी, गौसेवक बबलू तिवारी के द्वारा तड़के सड़क मार्ग से मारते पीटते क्रूरता पूर्वक पैदल ले जाते कोचियों को रोककर जानकारी मांगी। पहले तो कोचियों ने आनाकानी की, फिर बाद में एक्सपरी हो चुके मवेशी लाइसेंस और खेरथा बाजार की रसीद दिखा कर रौब झाड़ने लगे, साथ ही गौ सेवकों पर दबाव बनाते हुए अपने साथी कोचियों को भी बुला लिया।

**इनकी भूमिका रही अहमः** इस पूरी कार्रवाई में बजरंग दल के गौ सेवा प्रमुख प्रथम सोनी, प्रदीप मणिपाल, तुषार डिमर, दिलेश्वर सोनकर, खेमू यादव, मोनू यादव, प्रवीण सोनकर, राजा यादव सहित गौ सेवकों और गो धाम समिति बालोद के पदाधिकारियों और सिटी कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी बालोद नोडल मेजर दुर्योधन यादव सहित स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### गौ माता पर अमानवीय क्रूरताः पैदल मार-पीट कर ले जा रहे तस्करों को हिरासत में लिया गया



### बजरंग दल कार्यकर्ता रहे सक्रिय



तब गोधाम समिति सदस्य पुरुषोत्तम राजपूत ने इसकी सूचना गोधाम समिति अध्यक्ष योगेश्वर यादव, सदस्य विनोद साहू और थाना प्रभारी बालोद शिशुपाल सिन्हा, नोडल मेजर दुर्योधन यादव सहित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं सहित गौ सेवा आयोग के उच्चाधिकारियों को दी। थाना प्रभारी बालोद द्वारा त्वरित कार्यवाही कर अवैध रुप से क्रूरता पूर्वक पैदल ले जा रहे तस्करो की कागजातो की जांच की गई तब पता चला कि उनके पास मेडिकल सर्टिफिकेट नही है, उनके मवेशी लाईसेंस एक्सपायरी हो चुके है और सभी बाजार रसीद के बल पर मवेशी ले जा रहे जिस पर कोचियों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। गौ माता के साथ जिन कोचियों को पकड़ा गया उनमें बी जामगांव निवासी उमेश कुमार साहू पिता पुना राम साहू, बूढ़ा पारा बालोद निवासी हेमराज सोनकर पिता आत्मा राम सोनकर, बी जामगांव निवासी निर्भय पिता बुध राम साहू, हथौद निवासी ओमप्रकाश पिता सखन देवांगन, जामगांव निवासी तेज राम साहू पिता बुध राम साहू, बूढ़ा पारा बालोद निवासी आत्मा राम पिता किरण सिंह सोनकर व अन्य सम्मिलित है। जिन पर थाना प्रभारी बालोद के निर्देशन पर विधि सम्मत कार्रवाई की गई।

### पिकअप में भरते रंगे हाथो पकड़े गए 3 गौ माता और बछड़ा



**बालोद।** जिले के संजारी चौकी अंतर्गत गुरूवार–शुक्रवार की रात 2:30 बजे गौ माता को पिकअप गाड़ी क्रमांक सीजी 24 डब्लू 2538 में 3 नग गौ माता और 1 अबोध बछड़े को भरते रंगे हाथो पकड़ा गया। आरोप है गाड़ी में भरते भर कर भागने के फिराक में गौ माता के पालक गुलाब सोनकर के घर के पास से आदतन कोचिया को गौ सेवकों ने पकड़ कर थाने में सुपुर्दकर इसकी सूचना उचित कार्यवाही सहयोग हेतु गौ सेवा प्रमुख नरेंद्र जोशी, बबलू तिवारी सहित गो धाम समिति जिला बालोद के सदस्य सक्रिय गो रक्षक पुरुषोत्तम सिंह राजपूत को दिया। गौरक्षकों ने थाने में पहुचकर गौ माता का लंबे समय से अवैध व्यापार में संलग्न विनोद यादव पर कारवाही हेतु स्थानीय गौ सेवकों की मदद से आग्रह किया। जिसे स्वीकारते हुए चौकी प्रभारी अरविंद कुमार साहू द्वारा उच्चाधिकारियों के उचित मार्गदर्शन लेकर कार्यवाही की गई और लोहारा स्थित गौ शाला में सुपुर्द कर पंचनामा की कारवाही की गई। उक्त अभियान में गौ सेवक देवेश सोनकर, भूपेंद्र सोनकर, बादल, मोनू संतोष तिवारी संजारी, बालोद से नरेंद्र जोशी, बबलू तिवारी, गौ धाम समिति बालोद जिला सदस्य पुरुषोत्तम सिंह का योगदान रहा।

## कुसुमकसा धान खरीदी केंद्र से धान उठाव शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसुमकसा के धान ख़रीदी केंद्र शिकारीटोला मे समर्थन मूल्य पर खरीदी किए धान में से 700 बोरी धान अरिहंत इंट्रेपाइजेस राइस मिलर ने ट्रक क्रमांक cg 24w3730 से धान का उठाव किया गया, धान खरीदी केंद्र से धान उठाव के पहली खेप का योगेंद्र सिन्हा गांधी प्राधिकृत अध्यक्ष समिति प्रबंधक, कृषक व कर्मचारियों ने पूजा अर्चना कर ट्रक को रवाना किया गया, जिसके बाद दो ट्रको मेबोरी धान का उठाव किया गया जिसमे पहले ही दिन 2100 बोरी धान का परिवहन किया गया, धान खरीदी केंद्र में बम्फर धान खरीदी होने व उठाव नही होने से जगह की कमी हो रही थी, धान का उठाव चालू हो गया है। योगेंद्र सिन्हा ने बताया की ज्यादा से ज्यादा डी ओ काट कर धान का उठाव कराकर खरीदी केंद्र में जगह खाली कराने का प्रयास किया जा रहा है जिससे किसानों को धान बेचने में परेशानियों का सामना करना ना पड़े आज तक 629 किसान अभी तक धान बेच चुके हैं जिसमे 65 हजार क्विंटल धान की खरीदी कुसुमकसा सोसायटी मे आज पर्यंत किया गया है आज तक केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा किसानों को 4100438 रु की राशि का भुगतान उनके खाते मे किया जा चूका हैं प्राधिकृत अध्यक्ष के द्वारा बार बार बालोद जिला के कलेक्टर मैडम से आग्रह करने के बाद कुसुमकसा धान खरीदी केंद्र मे 1750 किविंटल से बढ़ा कर 2275 किविंटल प्रतिदिन खरीदी किया जा रहा हैं, इस अवसर पर समिति प्रबंधक, कर्मचारीगण, कृषक राजू रावटे पुरुषोत्तम सहित अन्य कृषक उपस्थित थे।

■ पहले दिन 2100 बोरी धान का परिवहन

### रजोली में मड़ई मेले का आयोजन 23 को

**बालोद/कलंगपुर।** मंड़ई मेला उत्सव समिति के सदस्यों एवं समस्त ग्रामवासी रजोली के संयुक्त तत्वावधान मे 23 दिसम्बर मंगलवार को ग्राम मे मंडाई मेला का आयोजन रखा गया है। जिसके उपलक्ष्य मे रात्रिकालीन कार्यक्रम ज्ञान के पूजा छत्तीसगढी नाचा पार्टी की प्रस्तुति रखी गई है। उक्त जानकारी मंडाई उत्सव समिति के सदस्य पिताम्बर ठाकुर, चमन साहू व घनश्याम सिंह ने दी।

## बालोद में खेल मैदान में चाकू से हमला, दो युवक घायल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

अपने खिलाफ हुए एफआईआर से नाराज युवको ने प्रार्थी युवक पर मामला वापस लेने दबाव बनाया युवक द्वारा मामला वापस ना लेने की बात कहने पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे प्रार्थी युवक के साथ उसके दोस्त घायल हो गए। जिनका ईलाज जारी है। प्रार्थी युवक ने चाकू से हमला करने वाले युवको के खिलाफ एफआईआर लिखाया है। मिली जानकारी के अनुसार दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 24 स्थित खेल मैदान में कुछ दिन पहले हुए मारपीट के मामले में मुचलके पर रिहा हुए आरोपी एक स्कूटी से पहुंचे। आरोपियों ने पीड़ित चुम्मन ठाकुर को एफआईआर वापस लेने के लिए धमकाते हुए चाकू दिखाया।

■ एफआईआर वापस लेने का दबाव न मानने पर हमला

आरोप है कि इसी दौरान बीच–बचाव के लिए सामने आए नारायण नेताम 29 वर्श और अंकित यादव 25 वर्श पर आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया। दोनों को दौड़ा–दौड़ाकर चाकू मारा गया। जिससे खेल मैदान में अफरा–तफरी मच गई। ▸▸ शेष पेज 10 पर

## दल्लीराजहरा में चाकूबाजी, पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

18 दिसंबर को लगभग 3 बजे प्रार्थी चुम्मन ठाकुर पिता स्वर्गीय श्याम लाल ठाकुर उम्र 27 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 24 दल्लीराजहरा, अपने दोस्तों के साथ बीएसपी 2 नम्बर स्कूल के मैदान में बैठा हुआ था। इसी दौरान राजहरा निवासी सुमित नायक, यशवंत विभार एवं एक नाबालिग तीनों एक साथ स्कूटी में वहां पहुंचे।

■ प्राणघातक हमला करने वालो में 2 आरोपी एवं 1 नाबालिग है शामिल

आरोपी सुमित नायक द्वारा प्रार्थी चुम्मन से थाना राजहरा में उसके विरुद्ध दर्ज कराई गई एफआईआर को वापस लेने की बात कही गई। प्रार्थी द्वारा एफआईआर वापस लेने से इंकार करने पर तीनों आरोपी एक राय होकर प्रार्थी को मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। इसी दौरान सुमित नायक ने अपने पास रखे चाकू से जान से मारने की नीयत से प्रार्थी पर हमला कर दिया, जिससे प्रार्थी किसी तरह वहां से हट गया। घटना के समय प्रार्थी के दोस्त नारायण नेताम एवं अंकित यादव बीच-बचाव करने पहुंचे, जिस पर आरोपी सुमित नायक ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी ▸▸ शेष पेज 10 पर

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता-बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता-कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रं◌ंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आ◌ॅफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### हिंदू जागरण को मिली ऊर्जा और ताकत

# जामगांव आर में विशाल हिंदू सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर

विशाल हिंदू सम्मेलन, सामाजिक वरिष्ठ जनों का सम्मान समारोह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में किया जा रहा है, सम्मेलन सकल हिंदू समाज द्वारा हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन 20 दिसंबर शनिवार को आयोजित किया गया है।



जिसमें गुरू घासीदास पूजन, पंथी नृत्य व सामाजिक वरिष्ठ जनों का सम्मान समारोह होना तय हुआ है, जिसमें आशीर्वाद प्रदाता अध्यक्ष योग आयोग छत्तीसगढ़ शासनरूपनारायण सिन्हा, कबीर आश्रम करहीभदर देवेंद्र दास साहेब, संघ के प्रांत टोली सामाजिक सदभाव डॉ लीना साहू का सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम 12 बजे से ग्राम में रैली से प्रारंभ होगी। आयोजन स्थल राहुद मंडल स्थित ओटेबद जगभाटा, श्री विष्णु धाम में समस्त ग्रामवासी सिरसिदा एवं ओटेबद के द्वारा होगा जिसमें मंडल के 23 गांवों के जनमानस सहयोगी बनेंगे। सम्मेलन का समापन भारत माता कि आरती से होगी। समारोह को सफल बनाने आयोजकों ने बैठक लिए।

### पलारी में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन आज

**गुरूर।** नगर पंचायत पलारी में आज विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन 20 दिसंबर को प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगा। प्रातः 10 बजे कलश शोभायात्र निकाली जाएगी। 11 बजे से मंचीय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम मानस मंच नगर पंचायत पलारी में होगा। सम्मेलन में मुख्य वक्ता पूर्व प्रांत संयोजक गौ सेवा गतिविधि सुबोध राठी, प्रबंधक कबीर आश्रम सोनपैरी, देवकर दास साहेब, गायत्री शक्तिपीठ डोटोपार मिलापा बाई साहू होंगी।

## खबर संक्षेप

### नीता लोधी राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष नियुक्त

**भिलाई।** लखनऊ के गोमती नगर स्थित सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के सभागार में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के अधिवेशन और स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में भिलाई की पूर्व मेयर नीता लोधी को अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय संरक्षक राजवीर सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज उन्नाव सांसद, राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत, सांसद मुकेश राजपूत फर्रुखाबाद) संदीप सिंह शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश आदि मौजूद थे।

### भाजपा का घर-घर संपर्क अभियान का आयोजन

**दुर्ग।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत पदयात्रा एवं घर घर संपर्क अभियान का आयोजन चंडी शीतला मंडल में अध्यक्ष कमलेश फेकर के नेतृत्व में निकाला गया। जिसमें प्रभारी व जिला मंत्री गायत्री वर्मा, जिलामंत्री गिरेश साहू, जिलाउपाध्यक्ष हर्षा चंद्राकर, जिलामंत्री शैलेन्द्री मंडावी, जिला मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, जिला युवामोर्चा अध्यक्ष जीत यादव, पार्षद एवं एमआईसी मनीष साहू, गोविंद देवांगन, मंडल महामंत्री एवं छाया पार्षद अमित पटेल, नवीन साहू ,उपाध्यक्ष दिनेश नलोडे, शीतल जांगिड़,सीमा तिड़के, मंत्री क्षमा तिवारी, भूपेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष संतोष जयसवाल, कार्यालय मंत्री चंद्रप्रकाश साहू, महिला मोर्चा महामंत्री दिनेश्वरी तुरकर, ममता देवांगन सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दुर्ग जिले में 108 बाल संस्कार खोले गए

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग द्वारा संत आसाराम बापू की विश्वव्यापी अभियान घर घर हो बाल संस्कार के तहत ग्राम डबरा पारा भिलाई-3 में बच्चों को सनातन संस्कृति की महिमा और अच्छे संस्कार दी जा रही है आज बच्चों को बुजुर्गों व माता-पिता की अनादर करने से जीवन में क्या प्रभाव होता है बाते बताई गई। बच्चों की दिनचर्या में सुबह सूर्य उदय से पहले उठना चाहिए।

### कंबल बैंक का शुभारंभ विधायक रिकेश ने बांटे 1500 कंबल

**भिलाई।** गुरु घासीदास जयंती पर गुरुवार को विधायक कार्यालय में वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के गरीबों, बेघरों और वृद्धों को ठंड से बचाने कंबल बैंक की शुरुआत की गई। पहली खेप में बैंक के लिए उन्होंने 5 हजार कंबलों की व्यवस्था की थी। उद्घाटन बाद ही लगभग डेढ़ हजार कंबल का वितरण किया गया। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि कई बार जब हम स्टेशन, सड़क किनारे बसे स्टैंड सहित सार्वजनिक जगहों पर बेघर लोगों को ठंड से बचाने गर्म कपड़े वितरण के लिए जाते हैं तो जरूरी नहीं कि जरूरतमंद उस समय मौजूद हों। इसलिए शांति नगर जीरो रोड स्थित विधायक कार्यालय में कंबल बैंक का शुभारंभ करते हुए वितरण प्रारंभ किया है। कार्यालय में जरूरतमंद पहुंच कर कंबल प्राप्त कर सकेंगे।

# बालोद में 108 कुण्डीय यज्ञ की समीक्षा बैठक, गुरुदेव के संदेश पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

नगर में हुए 108 कुण्डीय यज्ञ की ऊर्जा कई वर्षों तक रहता है, इसी को बनाए रखने के लिए जितने भी संस्कार सम्पन्न हुआ है, सभी घरों में देवस्थापना होना चाहिए और गुरुदेव का अमूल्य साहित्य घर घर पहुंचाना है, यही गुरुदेव की आज्ञा है, गुरुदेव सारी सिद्धि प्रात करने के बाद भी परिजनों को किसी चमत्कार से दूर रहने कहा है। उक्त विचार नगर में संपन्न 108 कुण्डीय यज्ञ संपन्न होने के बाद गायत्री परिवार द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में व्यक्त किया गया। समीक्षा बैठक में शांतिकुंज हरिद्वार से कालीचरण शर्मा आए है जो पूज्य गुरुदेव के बहुत करीब रहे है, उन्होने अपना स्मरण साझा करते हुए कहा कि 15 वर्ष में सदगुरू हिमालय वासी का दीपक से प्रगट होकर उनके अनेक जन्म का याद दिलाते हुए उन्हें नए युग निर्माण ,मनुष्य में देवत्व का उदय, श्रेष्ठ परिवार निर्माण समाज और राष्ट्र को उन्नतशील बनाने का संकल्प लिया जिसे पूरा करने की जवाबदारी गायत्री परिवार की है, इसके अतिरिक्त अनेक संस्मरण कार्यकर्ताओं बताया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 दिसंबर को गायत्री शक्तिपीठ की स्थापना दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे, सभी संस्कार कराने वालों को आमंत्रण, यज्ञ को सफल बनाने वाले ब्लाक समन्वयक का सम्मान 5 कुंडी गायत्री यज्ञ तथा सभी अतिथियों का सम्मान और संबोधन पश्चात परसादी भोजन कराया जाएगा।

## सदगुरु के निर्देश: घर-घर देवस्थापना और साहित्य वितरण अनिवार्य

### धन्यवाद और आभार व्यक्त किया



जिला उपसमन्वयक दशरथ कलिहारी ने 108 कुण्डीय यज्ञ की सफलता में विशिष्ट योगदान देने जिला कलेक्टर उसके सभी विभागीय स्टाफ, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी अ स्टाफ सभी शासकीय कार्यालय, शहर के व्यापारी, सभी समाज के प्रमुख, समस्त पत्रकार सभी दानदाताओं और जिला के सभी गायत्री परिजन ,जनप्रतिनिधियों तथा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोगियों को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। उन्होने सभी को स्थापना दिवस में आने आमंत्रित किया।



## स्पर्धा : दिल्ली को हराकर विदर्भ की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

# श्रीराम ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट: विदर्भ ने दिल्ली को 69 रनों से हराया





हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडीलोहारा

स्व. अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में आयोजित श्रीराम ट्रॉफी अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत ग्रुप 'बी' के दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ने राजधानी दिल्ली को 69 रनों से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नगर के लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए विदर्भ की टीम ने निर्धारित 25 ओवरों में 214 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। विदर्भ की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज संगीत सोनी ने शानदार 85 रनों की पारी खेली, वहीं कार्तिक ने 32 रन का योगदान दिया। अन्य बल्लेबाजों के उपयोगी प्रयासों से टीम सम्मानजनक लक्ष्य तक पहुंची। 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन 10



ओवरों के बाद नियमित अंतराल में विकेट गिरते चले गए। किसी भी बल्लेबाज के बीच बड़ी साझेदारी नहीं बन सकी और पूरी टीम 126 रनों पर ऑलआउट हो गई। इस तरह विदर्भ ने यह मुकाबला 69 रनों से अपने नाम किया। आज के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विदर्भ टीम के संगीत सोनी को दिया गया, जिन्होंने शानदार 85 रन बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

**ये रहे उपस्थित:** आज के मैच के मुख्य अतिथि बालोद जिला पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल रहे। उनके साथ डौंडीलोहारा के टीआई श्री मुकेश सिंह भी उपस्थित थे। संस्था के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा एसपी महोदय का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया तथा उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया।

समापन समारोह के अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष समीर खान एवं अमित सोनी रहे, जिन्होंने अपने कर-कमलों से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया।

### अंपायर व संचालन

मैच के अंपायर छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ पैनल के सपन काकड़े एवं हिमाचल साहू रहे। कमेंट्री की जिम्मेदारी महेश देवांगन (बालोद) ने निभाई। स्कोरर ईसाहक हुसैन रहे, जबकि मैनेजमेंट की जिम्मेदारी हुसैन शेख, फरीद सिद्दीकी, अजय छेदाम ने संभाली। प्रतिदिन की तरह आज भी लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा। मैच के दौरान संस्था के संरक्षक लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, अध्यक्ष मोहन निषाद, उपाध्यक्ष जसराज शर्मा, उत्तम मालेकर, सुमित शर्मा, मनोज शर्मा, धीरेंद्र टाक, प्रकाश जैन, जेपी सिन्हा, जिवराखन, दिलीप बाफना, महेंद्र जायसवाल सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

**आगामी मुकाबला:** 20 दिसंबर को टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला बिहार बनाम विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन के मध्य खेला जाएगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी धीरेंद्र टाक ने दी।



# पार्षद ने छात्र-छात्राओं को किया चरण पादुका का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडीलोहारा

शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत अधिकांश विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं। शासन द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश, मध्यान्ह भोजन जैसी अनेक सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं, किंतु कई बार आवश्यक जरूरतें पूरी नहीं हो पातीं।

■ शाला परिवार ने की पार्षद के पहल की सराहना

इसी संवेदनशील आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नगर के वार्ड पार्षद एवं सभापति सूर्यकला ठाकुर द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। उन्होंने शुक्रवार को नगर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला टिकरापारा में अध्ययनरत जरूरतमंद 33 विद्यार्थियों को चरण पादुका (जूता) वितरित किए। जूते पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और वे अत्यंत उत्साहित दिखाई दिए। इस अवसर पर श्रीमती ठाकुर ने कहा कि वे स्वयं भी इसी तरह शास. विद्यालय में पढ़ी हैं और शिक्षा के महत्व को भली-भांति समझती हैं।

विद्यालय बच्चों के भविष्य की नींव है, अतः विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं का ध्यान रखना समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास बच्चों के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। कार्यक्रम में प्रधानपाठक ज्योति केकती, सहायक शिक्षक मुकेश अंगारे सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य सुषमा निषाद, सुमन बारले, संगीता निषाद, संजू मुजारे, मनहरण बघेल, प्रवीन जोशी एवं सुरेश यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने इस मानवीय पहल की सराहना की।

# बासीन क्लस्टर में सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुरूर

बासीन क्लस्टर मे सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ अवसर पर अतिथि के रुप में सीईओ जनपद पंचायत गुरुर उमेश रात्रे, सभापति संचार संकर्म एवं निर्माण समिति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, सरपंच बासीन चुन्नी साहू, सरपंच लिलेशवरी साहू, सरपंच तेजेशवरी नेताम, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पासिंग के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत बासीन के समस्त पंचगन व ग्रामीण उपस्थित थे। यहां सभी प्रकार के खेल संपन्न हुआ।





# कुथरेल में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंडा

स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम ( दुर्ग ) के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कुथरेल में आयोजित किया गया है। शिविर में 50 स्वयंसेवक उपस्थित हैं। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुरेश साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य लोमश चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत कुथरेल गीता गजपाल,डॉ जितेंद्र साहू, लिलेश देशमुख, दुष्यंत साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ डी के बैलेंद्र ने की। नियमित क्रियाकलापों के अतिरिक्त स्वयंसेवकों को विशेषज्ञों के द्वारा बौद्धिक परिचर्चा के माध्यम से विभिन्न विषयों तथा समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें शिविर के द्वितीय दिवस पर प्रसिद्ध पर्यावरण संरक्षक एवं चंदूलाल चंद्राकर पत्रकारिता राज्य पुरस्कार प्राप्त रोमशंकर यादव ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व, लाभ तथा आवश्यकता पर व्याख्यान दिया। उन्होंने वृक्षारोपण, प्रदूषण नियंत्रण तथा एकल योगदान के साथ साथ सामुहिक प्रयासों पर प्रकाश डाला। तृतीय दिवस की बौद्धिक परिचर्चा में अन्नपूर्णा यादव सहायक प्राध्यापक ने छात्रों के व्यक्तित्व विकास में आत्मचेतना की भूमिका विषय पर प्रेरक व्याख्यान दिया साथ ही कामता प्रसाद बंजारे अतिथि व्याख्याता ने गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर उनके जीवन मूल्यों एवं जैतखंभ के महत्व पर प्रकाश डाला।

■ 50 स्वयंसेवक ले रहे सक्रिय सहभागिता



इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने मनमोहक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों के द्वारा प्रतिदिन ग्राम में प्रभात फेरी, स्वच्छता अभियान, परियोजना कार्य,साँस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति तथा नशा मुक्ति हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता किया जा रहा है। शिविर के सफल संचालन में रासेयो प्रभारी वेदप्रकाश ठाकुर, सहप्रभारी जीवंतिका ठाकुर, ओमप्रकाश ,सरपंच ग्राम पंचायत पंचगण एवं गणमान्य नागरिकों का विशेष योगदान रहा है।

## 21 से 23 दिसंबर तक 0 से 5 वर्ष के बच्चे लक्षित

# जिले के 2.59 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (एनआईडी) पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। देश का भविष्य बचाओ, पोलियो की दवा हर बार पिलाओ" के संदेश के साथ राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 2025 के अंतर्गत जिले में व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अभियान के प्रथम दिवस 21 दिसंबर को बूथों पर तथा 22 व 23 दिसंबर को मॉप-अप दिवस के दौरान घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलाई जाएगी। इस अभियान के तहत दुर्ग जिले में कुल 2,59,188 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य



निर्धारित किया गया है। जिले में 0–5 वर्ष आयु वर्ग के शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक देना अनिवार्य किया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी विकासखंडों में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है।

### अभियान की सफलता के लिए 1043 इकाइयां गठित

अभियान के संचालन के लिए जिले में 1002 स्थाई, 13 चलित एवं 25 ट्रांजिट बूथ सहित कुल 1043 इकाइयाँ गठित की गई हैं।बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, चिकित्सा संगठनों, पंच-सरपंचों, पार्षदों, पत्रकारों एवं आम नागरिकों से अपील की कि वे पूर्व की भांति इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं, ताकि 5 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे और दुर्ग जिला पोलियो मुक्त भारत के लक्ष्य में अपनी सशक्त भूमिका निभा सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी सहित नगर निगम दुर्ग, चरोदा, भिलाई एवं रिसाली के आयुक्त, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, डब्ल्यूएचओ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, इंडियन पीडियाट्रिक एसोसिएशन, रोटरी क्लब एवं अन्य स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### बालोद में खेल मैदान ...

घायल नारायण नेताम को आनन–फानन में दल्लीराजहरा अस्पताल ले जाया गया। जहां पेट में फंसे चाकू को बाहर निकाला गया। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उसे जिला अस्पताल बालोद लेकर पहुंचे। लेकिन वहां भी पेट और कमर से लगातार खून बहता रहा। डॉक्टरों ने काफी प्रयास के बाद खून का रिसाव रोका, हालांकि हालत गंभीर होने के कारण उसे तत्काल राजनांदगांव रेफर कर दिया गया।

घटना के बाद एफआईआर दर्ज कराते हुए वार्ड क्रमांक 24 राजहरा निवासी चुम्मन ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 18 दिसंबर के लगभग 03 बजे मैं अपने दोस्तों के साथ बीएसपी 2 नम्बर स्कूल के ग्राउण्ड में बैठा हुआ था, उसी समय राजहरा निवासी सुमित, सचिन और यशवंत तीनो एक साथ स्कूटी मे आये और सुमित मुझे बोला कि थाना राजहरा में जो एफआईआर मेरे विरूध्द कराये हो उसे वापस लोगे कि नहीं, मेरे द्वारा नहीं लूंगा बोलने पर सुमित, सचिन और यशवंत तीनो गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिये, उसी बीच सुमित अपने पास रखे चाकू से मुझ पर हमला कर दिया, इस दौरान मेरे दोस्त नारायण नेताम और अंकित यादव बीच बचाव करने लगे, तो सुमित ने नारायण नेताम के पीठ और पेट में तथा अंकित यादव के दाहिने हाथ एवं दाहिने पैर के घुटने के पास चाकू से प्राण घातक हमला कर दिया। वहां पर अन्य लोग इकट्ठा होने लगे जिन्हे देखकर सुमित, सचिन और यशवंत तीनो एक साथ स्कूटी में भाग गये। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ धारा 109(1), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दल्लीराजहरा में ...

देते हुए नारायण नेताम के पीठ एवं पेट में तथा अंकित यादव के दाहिने हाथ एवं दाहिने पैर के घुटने के पास चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। इस हमले में नारायण नेताम एवं अंकित यादव को गंभीर चोटें आई हैं। प्रार्थी चुम्मन ठाकुर की रिपोर्ट पर थाना राजहरा में अपराध धारा 296, 351(3), 109(1), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के निर्देशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा डॉ. चित्रा वर्मा के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई की गई।राजहरा पुलिस द्वारा आरोपियों की पतासाजी कर तत्काल अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों एवं नाबालिग द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। मेमोरेंडम कथन के आधार पर आरोपी सुमित नायक से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का चाकू तथा आरोपी यशवंत विभार से एक स्कूटी क्रमांक सीजी 24 ई 7733 जप्त की गई।

पुलिस द्वारा आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, वहीं अपचारी बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। आरोपी - सुमित सिंह नायक पिता मुलायम सिंह नायक उम्र 18 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 03 पटेल कॉलोनी दल्लीराजहरा,,यशवंत विभार पिता शिवराम विभार उम्र 20 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 04 टेबलर सेड राजहरा, थाना राजहरा. एक नाबालिग, निवासी दल्लीराजहरा।

## खबर संक्षेप



### ब्लास्ट फर्नेस-8 ने हॉट मेटल उत्पादन का रचा नया कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 महामाया"ने 10 दिसंबर को 9,606 टन हॉट मेटल का उत्पादन कर नया दैनिक रिकॉर्ड स्थापित किया। ब्लास्ट फर्नेस-8 ने 5 मार्च को दर्ज 9,515 टन हॉट मेटल उत्पादन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया उत्पादन कीर्तिमान बनाने में सफलता प्राप्त की। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने शॉप फ्लोर पहुँचकर बीएफ-8 टीम को बधाई दी । उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस बिरादरी को इसी उत्साह और एकजुटता के साथ उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया, व उत्पादन के साथ उत्पादकता एवं टेक्नो-इकोनॉमिक्स में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु टीम को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, तुषार कान्त, बीके बेहेरा, तुलाराम बेहरा, मनोज कुमार, राहुल श्रीवास्तव, इंद्रजीत सेनगुप्ता, प्रमोद कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने इस उपलब्धि को सामूहिक प्रयास, बेहतर समन्वय और सतत सुधार की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया।

### संयंत्र के एसएमएस 3 में नई ईओटी क्रेन 29 ए का उद्घाटन

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने स्टील मेल्टिंग शॉप–3 के बिलेट यार्ड में नई ईओटी क्रेन–29ए की सफल कमीशनिंग के साथ आधुनिकीकरण की दिशा में प्रगति दर्ज की। यह अत्याधुनिक क्रेन पुरानी डीसी-टाइप क्रेन–29 का स्थान लेगी, जिसे तकनीकी सीमाओं, स्पेयर पार्ट्स की अनुपलब्धता और बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के कारण सर्वे के उपरान्त हटाया गया था। क्रेन का शुभारंभ प्रभारी कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार तथा कार्यपालक निदेशक पीके सरकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बीके बेहरा, जीएमप्रणय कुमार, सीजीएण प्रमोद कुमार, त्रिभुवन बैठा जीएम पी. सत्पथी, महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस, एसके मिश्रा, डी विजिथ और जेरी निनन सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। कमीशनिंग गतिविधियों में एसएमएस–3 की टीम उप महाप्रबंधक एस. के. सोनी, सहायक महाप्रबंधक युवराज ठवरे और डीके वर्मा, सहायक अजित कुमार तथा सामंता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।मेसर्स ब्रेथवेट द्वारा आपूर्ति की गई यह नई क्रेन–29ए उन्नत एसी-आधारित ड्राइव, आधुनिक कंट्रोल सिस्टम और बेहतर इलेक्ट्रोमैग्नेट तकनीक से लैस है। इसका बैटरी–बैकअप सपोर्ट इलेक्ट्रोमैग्नेट सिस्टम अचानक बिजली बाधित होने की स्थिति में था। यह बिलेट के गिरने जैसी घटनाओं को रोकने में अत्यंत महत्वपूर्ण सुरक्षा सुविधा प्रदान करता है।

## आयोजन

**माता भगवती भोजनालय : सेवा और समर्पण का प्रतीक**

# राष्ट्र-शौर्य समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सेवा, संस्कार और समाधान का महापर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंजोरा (ख) की पावन धरती पर आयोजित 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह सेवा, संस्कार, साधना और समाधान का एक दिव्य संगम बनकर उभरा है। यह आयोजन मानव जीवन के हर पक्ष शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक को सशक्त करने का प्रेरणादायी उदाहरण है। यज्ञ की अग्नि में जहां वैदिक मंत्रों की पवित्र आहुति समर्पित हो रही है, वहीं समाज के हर वर्ग के लिए निःस्वार्थ सेवा और संस्कारों का अमृत भी प्रवाहित हो रहा है।

महायज्ञ परिसर में संचालित माता भगवती भोजनालय, अंजोरा सेवा भावना का जीवंत उदाहरण है। यहां प्रतिदिन प्रातः सभी श्रद्धालुओं के लिए पौष्टिक नाश्ते की व्यवस्था रहती है तथा सुबह 11:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक सतत भोजन प्रसाद उपलब्ध कराया जाता है। भोजन की गुणवत्ता, शुद्धता और व्यवस्था में कहीं कोई कमी नहीं रखी गई है। जाति, वर्ग, आयु या पहचान के भेद के बिना सभी के लिए समान भाव से प्रसाद वितरण किया जा रहा है। यह भोजन केवल पेट की तृप्ति नहीं, बल्कि सेवा, स्नेह और संस्कार का प्रसाद है। सभी परिजनों से निवेदन है कि इस पुण्य अवसर पर अवश्य प्रसाद ग्रहण करें और सेवा के इस महायज्ञ के साक्षी बनें।





**बाल संस्कार : बचपन से संस्कारों की मजबूत नींव:** महायज्ञ के दौरान विविध संस्कार कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जो भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। मुंडन संस्कार: 9 बच्चों का, विद्यारंभ संस्कार: 15 बच्चों का, नामकरण संस्कार: 1 बच्चे का, अन्नप्राशन संस्कार: 2 बच्चों का। इन संस्कारों के माध्यम से बच्चों के जीवन की शुरुआत मंगलमय, सात्विक और संस्कारवान हो—यही कामना यज्ञाग्नि में समर्पित की गई। माता-पिता के चेहरों पर संतोष और श्रद्धा का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा था। यह सिद्ध करता है कि आज भी समाज भारतीय परंपराओं को अपनाने के लिए उत्सुक और जागरूक है।

**निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर : शरीर और मन-दोनों का समाधान:** 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ-साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन इस कार्यक्रम को और भी विशेष बनाता है। यहां अनुभवी चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया जा रहा है, जिससे श्रद्धालु अपनी शारीरिक समस्याओं का समाधान प्राप्त कर रहे हैं। यह शिविर इस सत्य को प्रत्यक्ष करता है कि यह आयोजन केवल आध्यात्मिक उन्नति तक सीमित नहीं, बल्कि मानव जीवन की व्यावहारिक आवश्यकताओं का भी सशक्त समाधान प्रस्तुत करता है। यज्ञ की ऊर्जा, मंत्रों की शक्ति और चिकित्सा परामर्श—इन तीनों के समन्वय से अनेक लोग मानसिक तनाव, चिंता और शारीरिक पीड़ा से राहत अनुभव कर रहे हैं। वास्तव में यह महायज्ञ शरीर और मन—दोनों के उपचार का केंद्र बन गया है।

**गर्भ संस्कार : भावी पीढ़ी के उज्ज्वल निर्माण की पहल:** आज यज्ञशाला में 21 गर्भवती माताओं का गर्भ संस्कार विधिवत सम्पन्न हुआ। यह दृश्य अत्यंत भावुक और प्रेरणादायी था। मंच के माध्यम से माताओं को जीवन मूल्यों, सकारात्मक चिंतन, सात्विक आहार-विहार और उत्तम संस्कारों की विस्तृत जानकारी दी गई। य ह संदेश स्पष्ट रूप से दिया गया कि गर्भकाल में माता के विचार, भावनाएं और आचरण आने वाली पीढ़ी के चरित्र का निर्माण करते हैं। उद्देश्य यही है कि जब बच्चे जन्म लें तो वे केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ ही नहीं, बल्कि चरित्रवान, संस्कारी और राष्ट्र के लिए समर्पित वीर योद्धा और महापुरुषों जैसे नागरिक बनें।

### दीक्षा संस्कार : जीवन को दिशा देने का संकल्प

आज के कार्यक्रम में 20 लोगों का दीक्षा संस्कार भी सम्पन्न हुआ। दीक्षा केवल एक कर्मकांड नहीं, बल्कि जीवन को नई दिशा देने का दृढ़ संकल्प है। दीक्षा लेने वाले साधकों ने अपने जीवन में सदाचार, संयम, सेवा और साधना को अपनाने का व्रत लिया। यह क्षण आत्मचिंतन और आत्मनिर्माण का था, जहां व्यक्ति ने अपने भीतर के अवगुणों को त्यागकर श्रेष्ठ मानव बनने का संकल्प लिया। यह दीक्षा समाज में नैतिकता और आध्यात्मिक जागरण का सशक्त आधार बनेगी।

**गौशाला अंजोरा : पावन स्थल पर सम्पन्न यज्ञ:** आज का संपूर्ण कार्यक्रम गौशाला अंजोरा में सम्पन्न हुआ, जो स्वयं में एक पवित्र और पुण्य स्थल है। गौमाता की सान्निध्य में सम्पन्न यज्ञ का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। यह स्थल करुणा, सेवा और धर्म का प्रतीक है, जहां यज्ञ की ऊर्जा और अधिक प्रभावशाली रूप में प्रसारित होती है।

### यज्ञ का व्यापक संदेश

यह 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हमें यह सिखाता है कि यज्ञ केवल आहुति देने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि व्यक्ति, परिवार और समाज के समग्र उत्थान का माध्यम है। यहां अन्नदान से भूख मिटती है, स्वास्थ्य शिविर से रोगों का समाधान होता है, संस्कारों से पीढ़ियों का निर्माण होता है, और दीक्षा से जीवन को सही दिशा मिलती है। यह आयोजन समाज को जोड़ने, सेवा भाव जगाने और राष्ट्र निर्माण की चेतना जागृत करने का एक सशक्त प्रयास है।

# अक्ताई में मितानिनों का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

■ स्वास्थ्य और स्वच्छता में योगदान : मितानिनों के उत्कृष्ट कार्य को सराहना




ग्राम पंचायत अक्ताई में सम्मान समारोह आयोजित कर मितानिनों का सम्मान किया गया। जिसमें खेमबाई साहू, मनभा बाई साहू, रेवती भाई साहू, किरण भाई साहू, भान बाई ठाकुर, जागेश्वरी साहू, मितानिन मि ता नि न प्रशिक्षक प्रीति सोनवानी एवं अमृता सिंह मितानिन प्रशिक्षण पंचायत का ग्राम पंचायत सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद, उपसरपंच दीपा मारकंडे ने पंच पीतांबर मारकंडे, देवेंद्र साहू, हरीश साहू, बुधियारिन बाई ठाकुर, यमुना ठाकुर, कमलेश्वरी ठाकुर, पुष्पा साहू, उषा मारकंडे, पुष्पा सिन्हा, जीधन साहू, दिनेश चंद्र का रोजगार सहायक कामता पटेल, पंचायत सचिव योगेश ठाकुर, टीवी मुक्त ग्राम पंचायत अकतई सरपंच प्रतिनिधि नरोत्तम निषाद की उपस्थिति में साड़ी, श्री फल पेन देकर सम्मानित किया गया।

सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वालो का सम्मान होने से अन्यों को प्रेरणा मिलती है। मितानिन बहनों ने सजगता पूर्वक कार्य करके समाज को स्वस्थ रखने में महती भूमिका निभाती है इनका सम्मान गर्व की बात है। सरपंच निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वास्थ और स्वच्छता मिशन को जन आंदोलन बनाने में सभी का साथ चाहिए। प्रधानमंत्री हमारे लिए सोचते हैं कम से कम हम अपने ग्राम पंचायत के विकास के लिए सोच ले तो मोदी का सपना साकार होने लगेगा।

# गुरूर में गीता की अमृत वर्षा, भक्ति और ज्ञान का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ सामूहिक श्रीमद्भगवद्गीता पाठ से गूंजा राधे टॉवर परिसर





नगर में राधे टॉवर जवाहर मार्ग में गीता की अमृत वर्षा भक्ति और ज्ञान का संगम के तहत सम्पूर्ण श्रीमद्भगवद्गीता के सामूहिक पाठ का अत्यंत अद्भुत औ र अ लौ कि क आ यो ज न संपन्न हुआ। शहर निवासी महावीर टुवानी एवं उनके परिवार के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लगभग श्रद्धालुओं ने गीता की दिव्यता का साक्षात अनुभव किया। यह नगर में अपनी तरह का पहला आयोजन है। उपस्थित श्रद्धालुओ ने बताया कार्यक्रम का सबसे प्रभावशाली क्षण वह था, जब सभी उपस्थित जनों ने मिलकर गीता के 18वें अध्याय का सस्वर पाठ किया। एक ही लय और स्वर में गूँजते श्लोकों ने वातावरण में ऐसी सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया, जो स्वयं में एक अविस्मरणीय और अलौकिक अनुभव रहा। पहली बार गीता पाठ के सस्वर गायन को सुनकर उपस्थित जनसमूह के आनंद और आश्चर्य की कोई सीमा न रही। वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया था। सभी उपस्थित जनों ने वर्तमान समय में ऐसे आयोजनों की महत्ता को स्वीकार किया और इसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सामूहिक पाठ के उपरांत सभी भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। तत्पश्चात गीता आरती के साथ इस दिव्य आयोजन का पूर्णता के साथ समापन हुआ।

**ध्येय और निःस्वार्थ कार्यों पर हुई विस्तार से चर्चा :** इस दौरान गीता परिवार के ध्येय और निःस्वार्थ कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। सूचना पत्रकों के माध्यम से लोगों को गीता कक्षा से जुड़ने और इस ज्ञान को जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया गया। इस अत्यंत दिव्य आयोजन एवं अनुकरणीय आतिथ्य हेतु लोगो ने टुवानी परिवार के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त किया एवं उनके सेवा–समर्पण और भक्ति भाव की हृदय से प्रशंसा की एवं समस्त परिजनों का आत्मीय अभिनंदन किया।

# नेवारीकला में एनएसएस शिविर के षष्ठम दिन सामाजिक सेवा और खेलकूद का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको ने शिविर के छठवे दिन दैनिक क्रियाकलाप के तहत प्रातः प्रभात फेरी के साथ खेल व स्वच्छता का आयोजन किया। जिसमे परियोजना कार्य के तहत शिविरार्थी बच्चो द्वारा ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणो को नदी पार करने में हो रही समस्या को देखते हुए नदी में रपटा निर्माण का प्रयास किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा ज के एनएसएस ईकाई द्वारा ग्राम नेवारीकला में आयोजित शिविर के षष्ठम दिवस शिविरार्थियों द्वारा सुबह प्रभात फेरी, व्यायाम और मनोरंजन के लिए बहुत ही शानदार खेल राम रावण का खेल भी खेला गया। जहां परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम नेवारीकला के तांदुला नदी में पानी होने के कारण ग्रामीणो को नदी पार करने में हो रही असुविधा को देखते हुए शिविरार्थी बच्चो के द्वारा कार्यक्रम प्रभारी के मार्गदर्शन में बोरियो में रेत भरकर बोरियो के माध्यम से नदी में रपटा निर्माण किया गया, जिससे अब नदी को पार करने में ग्रामीणो को सुविधा होगी।





### शिखर में पहुचने के लिए अनुशासित होना है जरूरी

वही बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवारीकला ज्योति देशमुख एवं विशेष अतिथि सहायक शिक्षिका शासकीय प्राथमिक शाला नेवारीकला तनुजा बघेल उपस्थित थी। मुख्य अतिथि ने शिविरार्थियों को अनुशासन के महत्व एवं नैतिक मूल्यों के विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कामयाबी के शिखर में पहुचने के लिए अनुशासित होना बहुत जरूरी है। अनुशासन ही विद्याथऍ को महान इंसान बनाता है। कार्यक्रम में आरजे. दिल्लीवार, व्यायसायिक शिक्षक सहायक सूर्यकांत साहू, शिविर कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी खिलेश गंगासागर के निर्देशन में संपन्न हुआ है। इसकी जानकारी शिविर के सोशल मीडिया प्रभारी होसिका निर्मलकर द्वारा दिया गया।

# एनएसएस छात्रों ने भुरकाभाट में लगाया सफाई एवं जागरूकता शिविर

■ योग, प्रात : जागरण और बौद्धिक मार्गदर्शन के माध्यम से व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त



**गुण्डरदेही।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक शाला के 45 छात्र–छात्रएं ग्राम भुरकाभाट में शिविर लगाकर ग्राम के गलीयो की सफाई की। शिविर में ग्रामीणो को नशापन एवं अन्य बुराइयों के उन्मूलन हेतु रैली व सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जन जागरण अभियान चलाकर जागरूक करने का काम कर रहे है, शिविर में बच्चो को विशिष्ट व्यक्तियों के बौद्धिक मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं।

जिसमें पद्मश्री शमशाद बेगम, तहसीलदार प्रीतम साहू, योगाचार्य केशव राम साहू, प्राचार्य संजय शुक्ला, नीलकंठ भुआर्य, गायत्री परिवर्जक विमल साहू, रितेश देशमुख, गोपाल साहू, डॉक्टर अभिषेक पटेल, जैनेंद्र दीवान, बीआर कोठारी, पीएल सोरी आदि का अनेक विषयों पर प्रेरणादाई व्याख्यान के माध्यम से ज्ञान प्राप्त किया। शिविर में बच्चे प्रातः जागरण, योग व्यायाम, समूह में भोजन पकाने एवं साफ सफाई खुद ही से करके व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त कर रहे हैं। गचायत सरपंच दीपक कुमार ठाकुर एवं पंचगन, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर के साथ विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी सुनीता हरिनखेडे, प्राचार्य एनएस मानकर, शिक्षक गण सुभाष चंद्र सोनी, योगेश सिन्हा, भूमिका देशमुख, निकिता देशमुख का विशेष सहयोग रहा।

**श्रद्धा और सेवा का संदेश: जैतखाम में पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण**

# नवचेतना समाजसेवी संगठन ने मनाया गुरु घासीदास बाबा का पावन जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महान संत, समाज–सुधारक एवं मानवता के प्रकाश–पुंज सदगुरु घासीदास बाबा की जयंती नवचेतना समाजसेवी संगठन द्वारा श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर आमापारा बालोद में स्थित गुरु घासीदास बाबा की जैतखाम की विधिवत पूजा–अर्चना कर सामाजिक समरसता, समानता और मानवीय मूल्यों का संदेश प्रसारित किया गया।

नवचेतना समाजसेवी संगठन संगठन प्रकृति प्रेम एवं संरक्षण, जीव–दया, सामाजिक सेवा, धर्म और संस्कृति संरक्षण जैसे पुनीत कार्यों के माध्यम से समाज में करुणा, चेतना और उत्तरदायित्व की भावना को सशरहा है। गुरु घासीदास जयंती के शुभ अवसर पर संगठन द्वारा कपिलेश्वर मंदिर में दर्शन हेतु आए श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। यह प्रसाद केवल खाद्य सामग्री नहीं, बल्कि सेवा, सद्भाव और आपसी भाईचारे का प्रतीक था। इस सेवा एवं श्रद्धा आयोजन में संगठन की संयोजिका पद्मिनी साहू, सह–संयोजिका रेणुका निषाद, कोषाध्यक्ष दुर्गा जोशी, सह–कोषाध्यक्ष रुक्मणी कोसरे, सचिव डिलेश्वरी साहू, सह–सचिव रीटा पाठक, ज्योति कौशल, सरिता साहू, डॉक्टर रुक्मणी साहू, सुशीला गरिया सहित अनेक समर्पित सदस्य उपस्थित रहे।



इस अवसर पर संगठन की संयोजिका पद्मिनी देवेंद्र साहू ने गुरु घासीदास बाबा के जीवन–दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा ने इस संसार को सत्य, अहिंसा, शांति, दया, समानता, साहस और परोपकार की अनुपम शिक्षा दी। उन्होंने समाज को मांसाहार, चोरी, जुआ और मद्यपान जैसे व्यसनों से मुक्त करने का संदेश दिया तथा मनखे–मनखे एक समान का अमर उद्घोष कर मानव मात्र की एकता को स्वर दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने गुरु घासीदास बाबा के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने तथा समाज सेवा के कार्यों को और अधिक निष्ठा और व्यापकता के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# कंवर मंडल में 21 दिसंबर को होगा विशाल हिंदू सम्मेलन

■ संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजन



**गुरूर।** विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन कंवर मंडल में 21 दिसम्बर को किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर संघ प्रमुखो एवं नौ ग्राम के ग्रामीणो की बैठक हुई। संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर वृहद हिंदू सम्मेलन पूरे राष्ट्र में मनाया जा रहा है, जिसके तहत गुरुर खंड के मंडल कंवर में इसकी तैयारियां जोरों शोरों से हो गई है, विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजन बाजार चौक कंवर में तय किया गया है। सम्मेलन में सर्व समाज प्रमुख ग्राम प्रमुख में कंवर, तितुरगहन देवकोट, पेंडरवानी, परसुली, गंगोरीपार, खोरदो, खुदनी, अकलवारा 9 गांवों की विशाल संख्याओं में सनातन धर्म सम्मेलन सर्व हिन्दू समाज द्वारा आयोजन किया जा रहा है। जिस पर विभाग कुटुंब प्रबोधन निर्मल कुमार साहू, खंड कार्यवाह सुपेश साहू, मंडल पालक लिकेश हिंदू, संयोजक श्रीकांत साहू, कार्यक्रम संयोजक नवीन पटेल, अजेंद्र साहू, रुद्राक्ष पांडे, लव तारक, शीतल, सोमन साहू, ख़मेश साहू, डॉ.फलेश्वर साहू, हरीश अष्टबंधु, तरेंद्र साहू, ईश्वर साहू एवं मंडल के सर्व समाज प्रमुख व सभी ग्रामों के ग्राम प्रमुखों द्वारा आयोजन की तैयारियां किया जा रहा है। इस आयोजन में संपूर्ण क्षेत्र के सनातन धर्म सहपरिवार आमंत्रित किया गया है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### भेड़ी (सु.) में 22 से 28 तक श्री शिव महापुराण महायज्ञ का आयोजन



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम भेड़ी (सु.) में श्री शिव महापुराण महायज्ञ का भव्य आयोजन 22 से 28 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में पं. राजेश तिवारी जी, मानस कीर्तनकार मानस किंकर तथा भागवत व्यास कथावाचक के रूप में श्रद्धालुओं को शिव महापुराण एवं भागवत कथा का रसपान कराएंगे। यह आयोजन यज्ञकर्ता मदनलाल चिराम एवं सरस्वती चिराम परिवार व समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में संपन्न होगा। महायज्ञ का संरक्षण जय मझनिया बाबा मानस मंडली भेड़ी द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रमुख देवानंद गुमान पटेल, नीजाम जमदार, चैनु, चुरवा, पिस्दा, संतोष टिकम, शिवचरण, नोहर, देवप्रसाद, नेतराम, रामचंद्र, सरपंच सारिका देवांगन, उपसरपंच संतोष केशव सहित समस्त ग्रामवासी सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। आयोजकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक आयोजन में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### चिचबोड़ में होगी सात दिवसीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता

**लाटाबोड़।** ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 7 दिवसीय 21 से 27 दिसंबर तक ग्राम चिचबोड़ (झलमला) मे रखा गया है ग्रामीण ताम्रजध्वज साहू ने बताया इसमें प्रथम पुरस्कार 10000 हजार रूपए द्वितीय 7000 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 5000 हजार रूपए के साथ ही प्रवेश शुल्क 801 रूपए रखा गया है।

### गुरु घासीदास जयंती पर गोड़ेला में भव्य शोभायात्रा

**बालोद/निकुम।** गुरु घासीदास नव युवक पंथी नृत्य दल गोड़ेला एवं समस्त सतनामी समाज गोड़ेला के तत्वाधान संत शिरोमणि घासीदास जयंती 20 दिसंबर शनिवार को पंथी धुन पर शोभा यात्र दोपहर 1 बजे निकलेगी। शाम को 4 बजे अतिथियों का आगमन व आरती होगी, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक गुण्डरदेही कुंवर निषाद होंगे, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद अध्यक्ष देशमुख, सदस्य जिला पंचायत गुलशन चंद्राकर, जनपद सदस्य नेम चुम्मन साहू, ग्राम पंचायत गोड़ेला सरपंच वागीश बंजारे सहित भंडारी पंडित जोहन लाल बंजारे, छड़ीदार नागेश जोशी वअन्य अतिथि शामिल होंगे, रात्रि 9 बजे छत्तीसगढ़ लोक कला मंच नाच पाटएँ घीना अर्जुन्दा की प्रस्तुति होगी।

### मोबाइल दुकान संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मोबाइल दुकान संचालक के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि वार्ड 27 शास्त्री नगर कैम्प 1 निवासी मोहम्मद नाजिम खान 23 अगस्त को वह बीएम शाह अस्पताल के सामने स्थित सिद्धि विनायक मोबाइल दुकान पर सिम खरीदने गया था। दुकान संचालक ने आधार कार्ड का फोटो पुराना बताकर कई बार लाइव फोटो और बायोमेट्रिक स्कैन कराया।

## जयंती : समाज में समानता और आदर्शों को अपनाने का किया आह्वान

# जामगांव आर में धूमधाम से मनी संत गुरु घासीदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

संत शिरोमणि गुरुघासीदास की 269 वीं जयंती मे सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू ने ग्राम बटरेल, खोला, बोरवाय, असोगा जयंती समारोह में सम्मिलित हई। पंथी नृत्य सहित विविध आयोजन समाज जनो द्वारा किया गया। समाज के युवाओं का समारोह में विशेष योगदान रहा।

सभापति ने कहा कि सत्य मार्ग पर चलकर जीवन जीने का संदेश देकर बाबा ने मानव जाति को जीवन को सार्थक बनाने का मार्ग बताया। जो संदेश को आत्मसात कर जीवन जीते है वास्तव में उनका जीवन बड़ा सरल और शांत होता है। बाबा गुरु घासीदास का संदेश आज भी प्रासंगिक है बाबा गुरु घासीदास का जीवन सत्य, अहिंसा, समता और करुणा के मूल्यों पर आधारित रहा है। उन्होंने समाज को अंधविश्वास, भेदभाव और असमानता से मुक्त करने का कार्य कियां बाबा का अमर संदेश मनखे–मनखे एक समान आज भी सामाजिक एकता, भाईचारे और न्याय की सशक्त प्रेरणा देता है, जो वर्तमान समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है।



**ये रहे उपस्थित**

जयंती समारोह में अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन नारद साहू, सरपंच बटरेल ऐमन आठे, मंडल अध्यक्ष भाजपा जामगांव आर कमलेश साहू, बीएल कौशिक, जनपद सदस्य पाटन अजय साहू, उपसरपंच बसंत साहू, रेवाराम साहू, प्राण साहू, तेजराम, टीके पिपरिया, रामदास बंदे, पिंटू जांगड़े, लक्समन कोठारी, पुष्पालता, शांतनु, तुषार कामड़े, ज्ञानेंद्र डहरे मीनू शर्मा, प्रिया महिपाल सरपंच, जानकी चोपड़िया, रश्मि वर्मा जनपद सदस्य पाटन, रमेश टंडन, जनपद सदस्य प्रतिनिधि भेद वर्मा, अंकेश महिपाल, गुमान साहू, कोवेन्द्र साहू, कमलेश यादव, अभिषेक सेन सहित बड़ी तादात में ग्रामीण उपस्थित थे।

### भरदा में मनाई गई गुरू घासीदास जयंती



गुरूर। ग्राम भरदा मे घासीदास जयंती मनाई गई। जिसमे समाज के द्वारा जैतखाम मे पालो झंडा चढाया गया। बाजार चौक मे सभी सतनाम समाज के लोगो पंथी नृत्य के साथ जैतखाम मे झंडा चढाया गया। इस कार्यक्रम में भुनेश्वर गायकवाड़, आत्मा राम बांधे, उत्तम सोनवानी, अजय बघेल, युवराज बांधे, जोईधा रात्रे, रामजी बघेल, नोहर वंजारे, नत्थू राम बघेल, बुधन बाई, उत्तरा बाई, राम्हीन बाई, ममता बाई, दुलेशिया बाई, सावित्री बाई, निर्मला बाई एवं समाज के लोग अधिक संख्या में उपस्थित थे।

### आलबरस में गुरु घासीदास जयंती गुरु पर्व एवं मड़ई-मेले का आयोजन 22 को

**अंडा।** गुरु घासीदास जयंती गुरु पर्व एवं मंडाई जय स्तम्भ चौक ग्राम आलबरस जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ स्नेही स्वजन आपको आमंत्रित किया जा रहा है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा गुरु घासीदास की कृपा से हमारे ग्राम आलबरस जय स्तम्भ चौक में बाबा गुरु घासीदास के गुरु पर्व एवं जयंती के साथ में मंडाई का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम 22 दिसंबर पूजा कार्यक्रम - 12 बजे से कलश यात्रा , 2 बजे से अतिथि स्वागत एवं ध्वरोहण - 04 बजे से अतिथिगण मुख्य अतिथि - विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर। अध्यक्षता - अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग सरस्वती बंजारे। विशेष अतिथि - पंथी के पितामह पुराणिक लाल चेलक। सैनिक भुवन लाल देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत आलबरस। अध्यक्ष सतनाम भवन सेक्टर 6 बी. एल कुर्रे जी। राजभाषा सचिव रायपुर अनिल भतपहरी। अध्यक्ष सतनामी आश्रम दुर्ग चंद्रशेखर बंजारे। अध्यक्ष दुर्ग तहसील सतनामी समाज शीतल कोठारी। अध्यक्ष अंडा निकुम मंडल लीकेश्वर देशमुख। दुर्ग तहसील सतनामी समाज पूर्व अध्यक्ष दिनेश देशलहरे राजमहंत। डॉक्टर निकुम डॉ. डी मार्कण्डेय । अध्यक्ष अंडा परिक्षेत्रीय सतनामी समाज जुगल जोशी। उपसरपंच ग्राम पंचायत आलबरस नंदूराम देशमुख। पंचायत सचिव ग्राम पंचायत आलबरस सरस्वती टंडन, इंद्रजीत महिलांगे। भाजपा कार्यकर्ता लक्ष्मण देशमुख । ग्राम आलबरस पुलिस संघ ग्रुप। सोसायटी अध्यक्ष आलबरस प्रताप यादव।रात्रिकालीन कार्यक्रम नवा किरण लोककला नाचा संस्था भंडारपुर डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगांव विनीत समस्त सतनामी समाज एवं ग्रामवासी आलबरस।

### गुरु घासीदास जयंती समारोह 24 को

बालोद। संत शिरोमणी गुरू घासीदास सेवा समिति कमरौद द्वारा संत गुरू घासीदास जयंती समारोह का आयोजन 24 दिसंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रभातफरी एवं ध्वजारोहण 4 बजे से प्रारंभ होगा तथा रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक कला नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमे मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद टोमन साहू होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद संजय बारले करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व अध्यक्ष जिला सतनामी समाज विजय बघेल, अध्यक्ष जिला सतनामी समाज धमतरी कपील राम देशलहरे, जिला संरक्षक एवं अध्यक्ष गौरेया समिति मंदिर सतनामी समाज पवन कुमार जोशी, ब्लाक अध्यक्ष सतनामी समाज अर्जुन्दा यूआर बराहेन, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ गुण्डरदेही विनय कुमार बंजारे, महासचिव जिला सतनामी समाज बालोद संजय जोशी, पूर्व जिला सचिव सतनामी समाज बालोद जीवन बांधे, सरपंच ग्राम पंचायत कमरौद सुंदर लाल देवदास, उपसरपंच ग्राम पंचायत कमरौद ललेश्वर साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति कमरौद खिलानंद पटेल, कमरौद राजस्व पटेल प्रमेन्द्र कुमार, पुनाराम देशलहरे, बिसम्भर चतुर्वेदी उपस्थित रहेंगे। वही समाज के अध्यक्ष पुनीतराम देशलहरे, अध्यक्ष भूशण लाल चतुर्वेदी, कोशाध्यक्ष भूलनदास जोशी, सचिव चन्द्रशेखर देशलहरे व समाज के लोग उपस्थित रहेंगे।

## बालोद में बाबा गुरु घासीदास जयंती पर शोभायात्रा का आयोजन



**बालोद।** बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर ग्राम खपरी, लौंडी, भाईनपार, अमौरा में शोभा यात्र में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू शामिल हुए।

मनखे मनखे एक समान की शिक्षा पूरे संसार को आलोकित करने वाले युग प्रणेता बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर ग्राम खपरी सहित लौंडी, भौईनापार, अमौरा में शोभा यात्र का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष बालोद तोमन साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जैतखंभ में ध्वजा रोहण कर आरती में भाग लिया और बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर तोमन साहू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों को अपनाकर हम अपने समाज और देश को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने समाज में व्याप्त कुरीतियों और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और समाज को एकजुट करने का काम किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों को अपनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती टेमरिया ने की। विशेष अतिथि जनपद पंचायत सदस्य बालोद ममता साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल करहीभदर धर्मेंद्र साहू, कार्यकारिणी सदस्य जिला सतनामी समाज बालोद श्यामा बाई मार्कण्डेय, सरपंच ग्राम पंचायत खपरी टंकेश्वर कुंजम, ग्राम सभा अध्यक्ष उकचंद निर्मलकर, अध्यक्ष सतनामी समाज दल्लू राम सोनवानी, पंचगण शरीफ खां, नरेश नारंगी, फिरता जांगड़े, दिलीप मार्कण्डेय, पंचराम देशलहरे एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती





अर्जुंदा। अर्जुनी टिकरी में बाबा गुरु घासीदास जी के 269 वीं जयंती बड़ेधूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम टिकरी के सतनाम धाम में गुरु गद्दी स्थापना से प्रारंभ हुआ उसके पश्चात भाव्या शोभायात्र निकालकर गांव में स्थित दो जैत खाम में पालो चढ़ाया गया। जयंती कार्यक्रम में सतनामी समाज के महिला पुरुषों के साथ अन्य समाज के लोग भी शामिल हुए। जिससे यह प्रदर्शित हुआ की ग्राम टिकरी में आपसी भाईचारा आज भी बना हुआ है और सब एक दूसरे के इष्ट देव का सम्मान करते हैं और एक दूसरे के धार्मिक कार्य सम्मिलित होते हैं। जयंती कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा आतिशबाजी एवं रंग बिरंगे पटाखों के साथ भव्य शोभा यात्र में पंथी नृत्य करने वाले युवकों की टोली, जो बहुत ही मनभावन गीत संगीत व नृत्य प्रस्तुत किये और बाबा गुरु घासीदास जी के महिमा का बखान अपने गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किये। पालो चढ़ाने के पश्चात भंडारा एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें खीर पुड़ी के साथ चीला (मालपुआ) जो सतनामी समाज के विशेष प्रसाद के रूप में जाने जाते हैं।

## डॉ. मोना टुवानी को सौंपी गई जिला महिला मोर्चा की जिम्मेदारी





**बालोद।** जिला महिला मोर्चा में जिला अध्यक्ष डॉ मोना टुवानी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के हर कार्यों में लगातार सक्रियता के कारण संगठन ने उन पर विश्वास व्यक्त किया है। जमीनी कार्यकर्ता के रूप में पहचान बनाने वाली मोना टुवानी इससे पहले महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा बालोद शहर का दायित्व संभाल चुकी है, डॉ टुवानी ने बताया कि शीघ्र ही वरिष्ठ पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर महिला मोर्चे का विस्तार किया जाएगा। इस टीम में जिले के सभी क्षेत्रें को प्रतिनिधित्व मिले इसका ख्याल रखा जाएगा। भाजपा संगठन बालोद के जिलाध्यक्ष चमन देशमुख की अनुशंसा पर, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ किरण सिंह देव, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी ने इसकी घोषणा की।

## पेंशनरों से 25 दिसंबर तक जीवित प्रमाण पत्र जांच कराने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक डौंडी लोहारा से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों से अपील की गई है कि वे 25 दिसंबर तक अपना जीवित प्रमाण पत्र बैंक से अनिवार्य रूप से चेक करा लें।

पेंशनर समाज द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिन पेंशनरों ने ऑफलाइन (हार्डकॉपी) या ऑनलाइन जीवित प्रमाण पत्र जमा किया है और जिनका प्रमाण पत्र भारतीय स्टेट बैंक डौंडी लोहारा द्वारा जांच के बाद ओके हो चुका है, उनका जीवित प्रमाण पत्र मान्य माना गया है। किंतु जिन पेंशनरों का जीवित प्रमाण पत्र फेल हो गया है अथवा जिन्होंने अब तक ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण नहीं कराई है, उन्हें आधार नंबर, पैन नंबर, पीपीओ एवं मोबाइल नंबर के माध्यम से संबंधित बैंक शाखा में संपर्क कर 25 दिसंबर तक पुनः ऑनलाइन चेक कराकर ओके कराना अनिवार्य होगा। समाज ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय तक जीवित प्रमाण पत्र की जांच नहीं कराने की स्थिति में माह जनवरी की पेंशन रुकने की संभावना है।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज डौंडी लोहारा के अध्यक्ष श्री सियाराम सार्वा ने पेंशनरों से पुनः आग्रह किया है कि जिनका जीवित प्रमाण पत्र फेल हो चुका है, वे शीघ्र बैंक से संपर्क कर जांच कराकर प्रमाण पत्र को ओके कराएं, ताकि पेंशन भुगतान में किसी प्रकार की बाधा न आए।

## टेंगना बरपारा में डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन



**गुरूर।** जय हनुमान समिति एवं समस्त ग्रामवासी टेंगना बरपारा के तत्वाधान में एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमे 35 टीमो ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम झक्कास कबड्डी टीम चिटौद रहा, दितीय जेबीडी टाइगर बरबसपुर व तृतीय जय बजरंग दल सांकरा क एवं चतुर्थ पुरुस्कार कबड्डी दल कंवर को प्रदान किया गया।

बेस्ट रेडर अजय साहू बरबसपुर, बेस्ट आलराउंडर मोन्टू यादव चिटौद, बेस्ट डिफेंडर घनश्याम धुव बरबसपुर, बेस्ट जम्प देवेन्द्र चिटौद बेस्ट महिला दर्शक दशोदा मंडावी एवं पुरुष मे रिषी सिन्हा को सम्मान किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच लक्ष्मी पटेल ने कहा खेल से मन, मस्तिष्क एवं शरीर स्वच्छ रहता है। अध्यक्षता कर रहे पूर्व सरपंच पवर सिह यादव ने कहा कि जीवन मे खेल का बडा महत्व है। खिलाड़ी हमेशा खो खो, हांकी, क्रिकेट, कबड्डी अलग अलग मे रुचि रखकर खेल का प्रदर्शन करते हैं। रामसिंह ठाकुर, ईतवारी साहू, दुज राम ठाकुर, कुबेर सिन्हा, जितेन्द्र साहू, ठमेश सिन्हा, वार्ड पंच संगरी बाई अतिथि के रुप मे शामिल थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष चुम्मन निषाद, उपाध्यक्ष उमेश मंडावी, सचिव गिरधरनाथ योगी, कोषाध्यक्ष अजय नेताम, पवन निषाद, टिकेश्वर नाथ, नेमेन्द्र पटेल, संजय, भुनेश्वर, धनेश्वर निषाद, परमेश्वर, योगेंद्र एवं समिति के लोग उपस्थित थे।

## शिव कथा में दिखा भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम, श्रद्धालुओं ने किया महादेव की कृपा का गूढ़ अनुभव

# नगपुरा शिव कथा का तीसरा दिन: शिव शक्ति, वात्सल्य और भक्ति मार्ग का दिव्य संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के नगपुरा में आयोजित शिव कथा के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का वातावरण और भी गहन हो गया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस पावन आयोजन के मुख्य यजमान श्रीमती सरोज रिंगरी एवं भूपेद रिंगरी रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगपुरा सरपंच सोमेश्वर यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू यादव, प्रेमलता यादव, जूही संजय चौबे एवं प्रिया साहू (संयोजक, नगपुरा–दुर्ग) की विशेष सहभागिता रही। साथ ही साथ पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग माया बेलचंदन, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीकांत दुबे सहित क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय ने व्यास पीठ पर पधारकर कथा श्रवण किया, जिससे आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई। श्रद्धालुओं ने उनके आगमन का आत्मीय स्वागत किया। तीसरे दिन की कथा में कथावाचक ने भगवान शिव के पुत्र और पुत्री के स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिव परिवार केवल देवताओं का परिवार नहीं, बल्कि मानव जीवन के लिए आदर्श परिवार है। शिव के पुत्र गणेश बुद्धि और विवेक के प्रतीक हैं, वहीं पुत्री के रूप में शक्ति का स्वरूप जीवन को संतुलन प्रदान करता है। कथा में यह भी बताया गया कि वायु देव स्वयं भगवान शिव की शक्ति के रूप में कार्य करते हैं। जिस प्रकार वायु के बिना जीवन संभव नहीं, उसी प्रकार शिव की शक्ति के बिना सृष्टि का संचालन नहीं हो सकता। शिव और शक्ति का यह समन्वय ही संसार को गतिमान रखता है।

**शिव को पाने के लिए धन-संपत्ति आवश्यक नहीं :** कथावाचक ने श्रद्धालुओं को यह गूढ़ संदेश दिया कि भगवान शिव को पाने के लिए धन-संपत्ति आवश्यक नहीं होती। आपके पास माल हो या न हो, यदि मन में सच्ची श्रद्धा, विश्वास और भक्ति है, तो महादेव सहज ही प्राप्त हो जाते हैं। शिव को पाने के मार्ग अनेक हैं—सेवा, सत्य, संयम, करुणा और भक्ति—इनमें से किसी एक मार्ग पर भी सच्चे भाव से चलें, तो शिव कृपा अवश्य मिलती है। तीसरे दिन की कथा ने यह स्पष्ट कर दिया कि शिव भक्ति किसी वर्ग या सामर्थ्य की मोहताज नहीं, बल्कि यह हृदय की पवित्रता और भाव की सच्चाई पर आधारित है। कथा के समापन पर पूरा पंडाल "हर-हर महादेव" के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठे।

### शिव भक्ति में सच्चा भाव होना चाहिएः कथावाचक

कथा के दौरान कथावाचक ने श्रद्धालुओं को आस्था का गूढ़ मंत्र देते हुए कहा— "देवता देता है पल्ला झाड़कर, मेरा कुबेर भंडारी देता है।" अर्थात संसार के देवता सीमित रूप में कृपा करते हैं, किंतु महादेव अपने भक्त को बिना हिसाब, बिना भेदभाव और बिना शर्त के देते हैं। शिव भक्ति में कोई कमी नहीं, कोई गणना नहीं—बस सच्चा भाव होना चाहिए। महादेव को कुबेर भंडारी इसलिए कहा जाता है क्योंकि वे केवल धन ही नहीं, बल्कि सुख, शांति, स्वास्थ्य, धैर्य और सद्बुद्धि का भंडार भी अपने भक्तों को प्रदान करते हैं। जो भक्त निस्वार्थ भाव से शिव की आराधना करता है, उसके जीवन में अभाव टिक नहीं पाता। कथावाचक ने यह भी कहा कि शिव देने से पहले यह नहीं देखते कि भक्त के पास क्या है, बल्कि यह देखते हैं कि भक्त के हृदय में क्या भाव है। इसलिए कहा गया है- जिसके सिर पर महादेव का हाथ हो, उसके भाग्य को कोई नहीं रोक सकता।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक